वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 5 जनवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

पाकिस्तान में ननकाना साहिब पर पान्थिक कट्टरपंथियों का हमला दुर्भाग्यपूर्ण : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकिस्तान के ननकाना साहिब में गुरुद्वारे पर पान्थिक कट्टरपंथियों द्वारा किये गए हमले की कड़ी निंदा करती है। पाकिस्तान से लगातार धार्मिक रूप से अल्पसंख्यकों पर हो रही इस तरह की अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं जो कि मानवता पर कलंक है।

इस प्रकार से धार्मिक रूप से अल्पसंख्यकों पर जब हमले हो रहे हैं तो कथित मानवाधिकारवादियों तथा वैश्विक नेताओं की चुप्पी निराश करने वाली है तथा उनके मानवाधिकारवादी होने पर भी प्रश्न चिह्न लगाती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "भारत के पड़ोसी देशों में जिस प्रकार से अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं, वह पूरे विश्व के लिए अत्यंत चिंताजनक है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान जैसे इस्लामिक देश में लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों पर राज्य प्रायोजित हमले हो रहे हैं, इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति को रोकने के लिए जिम्मेदार वैश्विक नेताओं को आगे आना होगा और सबको एक साथ मिलकर अल्पसंख्यकों की आवाज बनकर मानवाधिकारों की रक्षा करना होगा"।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)